पलामू के पांकी में नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, 13 पेटी शराब और 250 लीटर स्प्रिट बरामद



**संवादसूत्र, मेदिनीनगर/पांकी (पलामू)।** पांकी थाना पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब के निर्माण और बिक्री के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए नकली शराब बनाने की मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन किया है।

पुलिस ने छापेमारी के दौरान 13 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब, 250 लीटर स्प्रिट समेत भारी मात्रा में नकली रैपर, सरकारी स्टीकर और अन्य सामग्री बरामद की है। मामले में पांकी थाना कांड संख्या-123/2026 दर्ज कर मुख्य आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

Source: https://www.jagran.com/jharkhand/palamu-panki-fake-liquor-factory-busted-13-cases-seized-40316663.html